E-mail- eeupjnetahrural@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज
कलैक्ट्रेट परिसर, सोरों रोड़ प्रहलादपुर, कासगंज, 207123

जल सारथी

**पत्रांक** 1427 / पेपर कटिंग की सूचना (एटा) / 17 **दिनांक :–** 19/06/2026

**सेवा में,**

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद एटा।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 19.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "पाइप लाइन डालने के बाद नहीं की गलियों की मरम्मत, बन रही मुसीबत" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक जनपद एटा में दैनिक समाचार पत्र **अमर उजाला में दिनांक 19.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "पाइप लाइन डालने के बाद नहीं की गलियों की मरम्मत, बन रही मुसीबत"** के सम्बंध में अवगत कराना है कि बेरनी पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 1 नग (100 किली0/14मी0) अवर जलाशय के सापेक्ष बॉटम डोम तक कार्य पूर्ण है। प्रस्तावित 10.20 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 8.87 किमी0 पाइप लाइन का कार्य पूर्ण, प्रस्तावित पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है। प्रस्तावित 787 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 439 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों को मोटरेबुल करा दिया गया है। अवशेष कार्यों को पूर्ण करने की प्रस्तावित तिथि 31.03.2027 है। साथ ही अवगत कराना है कि फर्म को समय–समय पर कार्यालय पत्रों के माध्यम से रोड़ मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। तथा पुनः अर्थ दण्ड बढ़ाने हेतु फर्म को चेतावनी दी गयी है। शासन द्वारा धनावंट न होने के कारण पेयजल योजना के अधिकांश कार्य प्रभावित है। धनावंटन उपरान्त पेयजल योजना के अवशेष रोड़ मरम्मत कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। फर्म को धीमी प्रगति के कारण पूर्व में 2 प्रतिशत अर्थ दण्ड भारित किया जा चुका है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) आगरा।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अलीगढ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, जनपद एटा।
4. जिला सूचना अधिकारी, जनपद एटा।
5. अमर उजाला दैनिक समाचर पत्र एटा।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर एटा।

**अधिशासी अभियन्ता**